By
प्रो० ब्रजेश पाठक
(अर्थ० विभाग) 7/8/20

शास्त्री - ISC 7/8/20

ISC Part-
Shastri-2020
संभावित प्रश्न एवं उत्तर

आवश्यकता (Wants) एवं विशेषताएँ :→

साधारण बोलचाल की भाषा में इच्छा (Desire) तथा आवश्यकता (Wants) शब्द का एक ही अर्थ में प्रयोग किया जाता है, किन्तु अर्थशास्त्र में आवश्यकता तथा इच्छा में कुछ अन्तर होता है। साधारणतया अर्थशास्त्र में सभी इच्छाएँ आवश्यकता नहीं कहलाती, केवल उन्हीं इच्छाओं को आवश्यकता कहा जाता है, जिन्हें पूरा करने के लिए हमारे पास क्रयशक्ति (Ability) तथा तत्परता (Willingness) हो। अर्थात् अर्थशास्त्र में आवश्यकता के लिए तीन बातों का होना आवश्यक है:- I - इच्छा का होना (ii) साधन का होना (iii) साधन को खर्च करने के लिए तत्परता का होना। इस प्रकार आवश्यकता वह प्रभावपूर्ण इच्छा है, जिसे पूरा करने के लिए मनुष्य के पास पर्याप्त धन हो और साथ ही साथ उस धन को खर्च करने की तत्परता भी हो। पेन्सन के अनुसार- Want is that effective desire for particular things which expresses itself in the effort of sacrifice necessary to obtain them.

आवश्यकता की विशेषताएँ।- (A) मानवीय आवश्यकता अनन्त होती हैं। वास्तव में मनुष्य की आवश्यकताएँ अनन्त (Infinity) हुआ करती हैं, आवश्यकता का अन्त नहीं होता है (B) प्रत्येक आवश्यकता विशेष की पूर्णतया सन्तुष्टि की जा सकती है। (C) आवश्यकताओं में आपस में प्रतियोगिता होती है। (C) कुछ आवश्यकता एक दूसरे का पूरक हुआ करती है। (D) वर्तमान की आवश्यकता भविष्य की आवश्यकताओं की अपेक्षा अधिक महत्वपूर्ण होती हैं। (E) कुछ आवश्यकताओं का बार-बार अनुभव होता है। (F) कुछ आवश्यकताएँ वैकल्पिक हुआ करती हैं। (G) कुछ आवश्यकताएँ आदत (Habbit) बन जाती हैं। (H) आवश्यकताएँ रीति - रिवाज से भी प्रभावित होती हैं। (I) आवश्यकताएँ (Wants) बदलती रहती हैं। (J) आवश्यकताएँ आविष्कारों को प्रोत्साहित करती हैं।

ब्रजेश पाठक
R.U.S. College Sukhbena (Purnea) एसो० प्रोफेसर अर्थ०

Bhawani अर्थशास्त्री - वस्तुनिष्ठ (objective) प्रश्न संख्या · अर्थशास्त्री प्रथम वर्ष
7/8/20 उत्तर में - ✓ का चिह्न for 20 [illegible] 7/8

① विश्व में जनसंख्या की दृष्टि से भारत का स्थान :-
I. प्रथम II - तृतीय (iii) द्वितीय (iv) चतुर्थ

② 2011 में जनगणना के अनुसार भारत की आबादी —
I - 85 करोड़ II. 90 करोड़ (iii) 1 अरब से अधिक (iv) 2 अरब

③ परिवार के आकार (size) को सीमित करने के लिये कौन सा कार्यक्रम है।
I. साक्षरता में वृद्धि (ii) परिवार नियोजन (iii) प्रचार (iv) खाद्यान्नों के उत्पादन में वृद्धि

④ भारत में किस राज्य में जनसंख्या का घनत्व अधिक है। -
I - बिहार (ii) पश्चिम बंगाल (iii) उत्तरप्रदेश (iv) केरल ·

⑤ भारत में कितने वर्षों पर जनगणना हुआ करती है। -
I - 5 वर्षों पर (ii) 15 वर्षों पर (iii) 10 वर्षों पर (iv) 20 वर्षों पर

⑥ भारत में बढ़ती हुई जनसंख्या इसके आर्थिक विकास में : —
I. सहायक है (ii) आवश्यक है (iii) बाधक है (iv) कुछ भी नहीं ?

⑦ उत्पादन का सक्रिय साधन है:-
I. प्राकृतिक साधन (ii) पूंजीगत साधन (iii) भौतिक साधन (iv) मानवीय साधन

⑧ मानवीय साधनों के विकास के लिए आवश्यकता है:-
I. अनुशासन की (ii) सफाई की (iii) शिक्षा की (iv) सच्चरित्रता की।

⑨ योजनाकाल में भारत की साक्षरता की दर -
I - घटी है (ii) स्थिर रही है - (iii) बढ़ी है (iv) तीव्र गति से घटी है

⑩ भारत में मानवीय साधनों के विकास की गति है। -
I. तीव्र है (ii) स्थिर है (iii) धीमी है (iv) अति तीव्र है -

⑪ भारत में किस स्थान पर अणु शक्ति का उत्पादन होता है:-
I - मद्रास में (ii) तारापुर में (iii) चितरंजन में (iv) बोकारो में

⑫ भारत में पेट्रोलियम का उत्पादन आवश्यकता से -
1· अधिक है (ii) कम है (iii) अत्यधिक है (iv) बहुत कम है।

R.N.S. College Students Phulwari. 7/8/20 Bhawani

शास्त्री-IInd वस्तुनिष्ठ प्रश्न एवं उत्तर (VI) Date 7/8/20
7/8/20.

① भारतीय अर्थव्यवस्था है — I- विकसित (II) अति विकसित (III) अल्पविकसित (IV) विकासशील

② भारतीय अर्थव्यवस्था में पायी जाती है :- (I) विशाल के बीच कुशलता (II) प्रभुता के बीच विपुलता (III) प्रभुता के बीच निर्धनता (IV) अल्पता के बीच प्रभुता

③ निम्नांकित देश में सबसे अधिक प्रति व्यक्ति आय कहाँ है :- (I) स्विट्जरलैंड (II) ग्रेट ब्रिटेन (III) अमेरिका (IV) भारत

④ भारत की प्रमुख आर्थिक समस्या क्यों के लोगों की — I- कुपोषण है (II) अशिक्षा है (III) गरीबी है (IV) आय की असमानता

⑤ भारत में शहरी निर्धनों की तुलना में ग्रामीण निर्धनों की संख्या :- (I) कम है (II) अधिक है (III) बहुत कम है (IV) बराबर है

⑥ जो लोग निर्धनता की रेखा से ऊपर रहते हैं उन्हें कहा जाता है :- (I) निर्धन (II) धनी (III) निर्धन नहीं (IV) इनमें से कोई नहीं

⑦ जवाहर रोजगार योजना का प्रारंभ हुआ था :- (I) 1990 (II) 1989 (III) 1991 (IV) 1993

⑧ बेकारी को दूर करने की दिशा में हमारी योजनाएँ (I) पूर्ण सफल रही (II) असफल रही है (III) अप्रभावशील रही (IV) आंशिक सफल रही।

⑨ देश की प्रमुख आर्थिक समस्या क्यों के लोगों की — (I) कुपोषण है (II) अशिक्षा है (III) बेकारी है (IV) आय की असमानता

⑩ कृषि क्षेत्र में किस तरह की बेरोजगारी पायी जाती है! - (I) मौसमी बेरोजगारी (II) छिपी हुई बेरोजगारी (III) ऐच्छिक बेरोजगारी (IV) शिक्षित बेरोजगारी।

R.N.S. College Sukhdeva.